## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोविड से मृत व्यक्तियों के नजदीकी वारिसानों को अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायगढ़ एवं तहसील पुसौर तथा रायगढ़ के प्रकरण का परीक्षण पश्चात रायगढ़ जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस से मृत व्यक्तियों के परिजनों/आश्रितों को 50-50 हजार रुपये अनुग्रह अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कार्यालय कलेक्टर, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम-नावापारा माण्ड तहसील-पुसौर की गंगा बाई सिदार, ग्राम तिलगा (ऊपर पारा)तहसील रायगढ़ के नीलाम्बर राठिया, ग्राम-सरडामाला तहसील रायगढ़ की गीता पटेल एवं ग्राम-भेलवाटिकरा तहसील रायगढ़ के भुवनेश्वर राठिया की वर्ष 2021 एवं 2022 में कोविड से मृत्यु हुई थी। उक्त मृतक के सभी नजदीकी वारिसानों को 50-50 हजार रुपये अनुग्रह अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### आंगनबाड़ी में रिक्त पदों के लिए 25 मई तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना, कापू जिला-रायगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र पखनाकोट एवं रूवाफुल में कार्यकर्ता के एक-एक पद तथा गोढ़ीखुर्द-अ, कमोसिनडांड एवं राजपारा में सहायिका के एक-एक पद रिक्त है। जिसके लिए इच्छुक आवेदिका 25 मई 2023 शाम 5 बजे तक कार्यालयीन समय में कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, कापू-जिला-रायगढ़ में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन भेज सकते है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु 12 वीं अथवा 11 वीं बोर्ड उत्तीर्ण तथा आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदिका को 8 वीं बोर्ड उत्तीर्ण होना जरूरी है। उक्त पदों के लिए आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य हो। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, कापू-जिला-रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### सर्पदंश से मुस्कान की असामयिक मृत्यु, सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** तहसील तमनार के ग्राम बडग़ांव निवासी मुस्कान धनवार की 10 सितम्बर 2022 को सर्पदंश से असामयिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात एसडीएम घरघोड़ा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान अनुसार मृतक के पिता बसंत धनवार को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### अल्पसंख्यकों के लिए संचालित योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक 24 मई को

**रायगढ़।** छ.ग.राज्य अल्पसंख्यक आयोग की बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास सम्मेलन (सेमीनार)एवं अल्पसंख्यकों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक 24 मई 2023 को दो पाली में प्रथम दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक एवं द्वितीय सेमीनार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ ने सर्वसंबंधितों को अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास सम्मेलन में उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु आग्रह किया है।

# 15 जून तक जिले में अभियान चला सीमांकन प्रकरणों का करें निराकरण- कलेक्टर

- लोक अदालत में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के कलेक्टर सिन्हा ने दिए निर्देश
- स्कूल मरम्मत कार्यों के नियमित मॉनिटरिंग के सभी एसडीएम को किया निर्देशित
- छात्रावासों के नियमित निरीक्षण की बनाएं व्यवस्था
- बेरोजगारी भत्ता पा रहे हितग्राहियों के कौशल विकास की काउंसलिंग और ट्रेनिंग शुरू करने के दिए निर्देश
- मतदान दल के लिए कर्मचारियों की जानकारी सॉफ्टवेयर में करें अपलोड
- राजीव युवा मितान क्लब के लिए इवेंट कैलेंडर तैयार करने कलेक्टर ने दिए निर्देश
- कलेक्टर सिन्हा ने ली समय-सीमा की बैठक



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज सृजन सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदारों से कहा कि अगले 15 जून तक पूरे जिले में अभियान चला कर सीमांकन के लंबित आवेदनों का निराकरण करें। इसके साथ ही उन्होंने आगामी 13 मई को आयोजित होने वाले लोक अदालत में भी राजस्व मामलों का प्राथमिकता से निराकरण कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने कलेक्टर जनचौपाल के आवेदनों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदन पर त्वरित रूप से कार्यवाही होनी चाहिए।

कलेक्टर सिन्हा ने वृक्षारोपण अभियान के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से कहा कि 5 जून से वृक्षारोपण की शुरुआत होनी है। उसके पहले सभी तैयारियां पूरी कर लें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के दौरान पौधों को लगाने के साथ उसके सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। ताकि पौधे लंबे समय तक जीवित रहे। इसके लिए फेंसिंग इत्यादि की भी व्यवस्था पूरी करने के निर्देश उन्होंने दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक के दौरान छात्रावास संचालन के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से बालिका छात्रावासों के साथ सभी हॉस्टल छात्रावासों के मासिक निरीक्षण के लिए नोडल अफसर शीघ्र नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बालिका छात्रावासों के लिए महिला अधिकारियों को नोडल बनाएं। जिससे वे नियमित रूप से हॉस्टल का निरीक्षण कर वहां बालिकाओं से मिलें और व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छात्रावासों में पढ़ाई को बेहतर करने के लिए रणनीति तैयार करें। जिससे आगामी सत्र की शुरुआत से ही उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। कलेक्टर सिन्हा ने पोषण पुनर्वास केंद्रों के संचालन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केंद्रों में नियमित रूप से बच्चे आने चाहिए। कुपोषण से लडऩे के लिए तैयार की गयी इस व्यवस्था का पूरा लाभ बच्चों को मिलना चाहिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**बेरोजगारी भत्ता पा रहे हितग्राहियों के कौशल विकास प्रशिक्षण की करें शुरुआत-** कलेक्टर सिन्हा ने जिला रोजगार अधिकारी को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे हितग्राहियों के कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए काउंसलिंग और ट्रेनिंग शुरू करें।

**स्कूलों के निर्माण की नियमित समीक्षा करें एसडीएम-** कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में जिले के स्कूलों में चल रहे निर्माण और मरम्मत कार्य के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने ईई आरईएस से कहा कि लंबित सभी टेंडर तत्काल जारी कर काम शुरू कराएं। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने अनुविभाग में चल रहे निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। जिससे काम गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के भीतर पूरा हो।


**तालाबों का गहरीकरण जल्द पूरा कराएं-** कलेक्टर सिन्हा ने जिले के चिन्हांकित तालाबों के चल रहे गहरीकरण कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने पूर्ण और प्रगतिरत कार्यों की विस्तार से जानकारी ली और गहरीकरण का कार्य जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए।

**मतदान दलों के लिए कर्मचारियों की सॉफ्टवेयर में एंट्री करे पूर्ण-** बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने आगामी निर्वाचन के संबंध में चल रही प्रशासनिक तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने मतदान दल के लिए सभी विभाग के कर्मचारियों की जानकारी सॉफ्टवेयर में अपडेट करने का काम निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। जिससे आगे की प्रक्रिया शुरू की जा सके।

**राजीव युवा मितान क्लब के लिए तैयार करें इवेंट कैलेंडर-** कलेक्टर सिन्हा ने राजीव युवा मितान क्लब के संचालन की भी बैठक में चर्चा की। उन्होंने कहा कि शासन के विभिन्न योजनाओं से जुड़े आयोजन और गतिविधियों में क्लब के सदस्यों को जोड़े। उनके लिए इवेंट कैलेंडर तैयार करने के निर्देश भी उन्होंने सहायक संचालक खेल को दिए। जिससे पंचायत स्तर पर रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन की अग्रिम रूपरेखा तैयार हो सके और क्लब के सदस्य इसमें भागीदार बने।

## छत्तीसगढ़ के सभी महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन में लाने का प्रयास : उच्च शिक्षा मंत्री

- उच्च शिक्षा विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच सिल्वर अवार्ड मिलने पर विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को दी बधाई




**रायगढ़।** उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने उच्च शिक्षा विभाग को 'प्रोजेक्ट असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन' में राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच सिल्वर अवार्ड से सम्मानित होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिशा-निर्देश में उच्च शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए किए गए प्रयासों के कारण छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर यह अवार्ड प्रदान किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग का यह प्रयास है कि छत्तीसगढ़ के सभी महाविद्यालयों को नैक एक्रेडिटेशन में लाया जाए, इसके लिए मिशन मोड पर कार्य किया जा रहा है। पटेल ने इस उपलब्धि के लिए उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। गौरतलब है कि उच्च शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नैक के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदण्डों के अनुरूप शैक्षणिक अधोसंरचना एवं अकादमिक स्तर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड पर नैक से संबद्धता प्राप्त करने का अभियान प्रारंभ किया गया है। प्रदेश के कुल 211 अहर्ता प्राप्त शासकीय महाविद्यालयों में से 197 शासकीय महाविद्यालयों का नैक से मूल्यांकन कराकर छत्तीसगढ़ देश में सर्वोच्च स्थान पर है। जून 2020 में मात्र 32 शासकीय महाविद्यालय नैक से मूल्यांकित थे।

## शराब रेड कार्यवाही : महिला से 20 लीटर महुआ शराब, 54 पाव देशी मदिरा और शराब बिक्री रकम जब्त, आरोपी गिरफ्तार

- अवैध महुआ शराब बनाने रखे करीब 500 किलो महुआ पास का किया गया नष्टीकरण
- अवैध शराब की सूचना पर ग्राम कुसमुरा में कोतरारोड पुलिस की दबिश

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब पर कार्यवाही के क्रम में कल रात कोतरारोड़ पुलिस द्वारा ग्राम कुसमुरा में शराब रेड कार्यवाही किया गया। थाना प्रभारी कोतरारोड़ को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कुसमुरा की पुष्पा भोय नाम की महिला शराब बेचा करती है तथा गांव में अवैध रूप से शराब बनाया जा रहा है। एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं डीएसपी (IUCAW) निकिता तिवारी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ उपनिरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में दल बल के साथ कोतरारोड़ पुलिस द्वारा सुनियोजित तरीके से ग्राम कुसमुरा में दबिश देकर संदेही महिला पुष्पा भोय की घर की घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा गया। ASI कुसुम कैवर्त द्वारा पुष्पा भोय से शराब बिक्री के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर शराब बिक्री करना स्वीकार की। आरोपिया के कब्जे से मौके पर प्लास्टिक की जरकिनों में रखा करीब 20 लीटर महुआ शराब कीमत रु.2,000 और एक बोरी में भरा 54 नग सीलबंद देसी प्लेन मदिरा कीमत रु.4,320 एवं शराब पिलाने के व्यवस्था में रखे गिलास, बिक्री रकम रु.230 की जब्ती की गई है। आरोपिया पुष्पा भोय पति शत्रुघन भोय उम्र 45 वर्ष निवासी कुसमुरा थाना कोतरारोड़ के कृत्य पर थाना कोतरारोड में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर महिला को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वहीं आरोपी महिला के



कब्जे से अवैध शराब बनाने के लिये 32 प्लास्टिक डिब्बों में भरकर रखा करीब 500 किलो महुआ पास का नष्टीकरण किया गया है। शराब रेड तथा अवैध शराब नष्टीकरण की कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतरारोड़ उपनिरीक्षक गिरधारी साव के साथ सहायक उपनिरीक्षक कुसुम कैवर्त, प्रधान आरक्षक प्रेम सिदार, आरक्षक अभिषेक द्विवेदी, संदीप कौशिक, सुरेंद्र भगत, देवकुमार सोनवानी, कमलेश यादव, राजेश खांडे और गोविंद पटेल की विशेष भूमिका रही है।

## जिले के ऐतिहासिक धरोहरों का होगा जीर्णोद्धार -कलेक्टर

- जिले के इतिहास एवं संस्कृति से जुड़े लोगों के साथ आगामी दिनों होगी बैठक, होगी विस्तृत चर्चा
- कलेक्टर सिन्हा ने ली संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की समीक्षा बैठक



**रायगढ़।** कलेक्टर सिन्हा ने आज सृजन सभाकक्ष में संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के कार्यो की अद्यतन प्रगति एवं शेष कार्यो जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि जिले के ऐतिहासिक धरोहरों को सहजने का कार्य किया जाएगा। क्योंकि यह जिले के समृद्ध कला, संस्कृति एवं इतिहास की लिहाज से महत्वपूर्ण कार्य है। जिसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि आगामी दिनों इन कार्यक्षेत्रों से जुड़े लोगों के साथ बैठक आयोजित की जाए, जिसमें कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाएगी।

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में राम वन पथ गमन के साज-सज्जा व निर्माण की जानकारी ली। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में पत्थलगांव से धरमजयगढ़, छाल, हाटी, ऐडू चौक, चोढ़ा नया जंक्सन, चपले, सेद्रीपाली जंक्सन, रामझरना, ढिमरापुर चौक रायगढ़, छातामुड़ा चौक रायगढ़ एवं सारंगढ़ तक चिन्हांकित किया गया है। उक्त मार्ग में कुल 32 स्थानों में साइनेजेस, वेलकम गेट, केटीलीवर का निर्माण करने के लिए चिन्हांकित है। इसी प्रकार उन्होंने बताया कि गढकलेवा हेतु शेड निर्माण हेतु राशि उपलब्ध कराने के साथ ही निर्माण कार्य हेतु नगर निगम रायगढ़ को भूमि आबंटित कर दी गई है। आजादी के 75 वीं वर्षगांठ अमृत महोसत्सव अंतर्गत 08 प्रस्तावित कार्यक्रमों में 04 कार्यक्रम शेष है। जिसमें हमर धरोहर हमर गौरव, मेरा गांव मेरा धरोहर, हमर संस्कृति हमर विरासत एवं स्मृति वाटिका हेतु राशि उपलब्ध है।

कलेक्टर सिन्हा ने प्रस्तावित हमर धरोहर हमर गौरव के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पैतृक ग्राम में तिरंगा यात्रा एवं मशाल रैली का आयोजन करने, कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा डिजिटल तिरंगा स्लोगन सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन, मेरा गांव मेरा धरोहर के तहत विगत 75 वर्षो से शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी, विज्ञान, खेल साहित्य कला के क्षेत्र में देश, राज्य, क्षेत्रीय उपलब्धियों पर स्कूल कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजन, हमर संस्कृति हमारी विरासत के तहत 1947 से अब के पुरातात्विक धरोहर, 75 वर्ष से अधिक राज्य के पुराने शासकीय भवनों का दस्तावेजीकरण फोटोग्राफ सहित करने शहर के ऐतिहासिक मंदिरों पर कार्य करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना की बनाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले में अमृत महोत्सव स्मृति वाटिका अंतर्गत पौधों का रोपण के लिए नगर निगम को निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, एसडीएम गगन शर्मा, परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, डीएसपी ट्राफिक सुशांतो बनर्जी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## घरघोड़ा के उकारीपाली तालाब किनारे खुड़खुड़िया जुआ खेला रहे दो आरोपी गिरफ्तार

- जुआरियों पर जुआ प्रतिषेध अधिनियम की कार्यवाही



**रायगढ़।** अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर कार्यवाही के क्रम में कल रात्रि थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा के नेतृत्व में ग्राम उकारीपाली तालाब किनारे सार्वजनिक स्थान पर कुछ जुआडियान खुडखुड़िया पट्टी पर जुआ खिलाने की सूचना पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। मौक की घेराबंदी में कुछ जुआडियान भाग गये, पुलिस टीम ने मौके पर खेला रहे आरोपी- अरूण राठिया पिता कुंजराम राठिया उम्र 19 वर्ष और प्रमोद राठिया पिता तेजराम राठिया उम्र 28 वर्ष दोनों निवासी ग्राम बरपाली थाना घरघोडा जिला रायगढ़ को हिरासत में लिया गया जिनके कब्जे से 06 नग खुडखुडिया गोटी खुडखुडिया पट्टी एक बांस के टोकरी एवं नगदी रकम 2350 रूपये जप्त कर थाने लाया गया। आरोपियों पर थाना घरघोड़ा में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 20222 की धारा 6 के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार बाद रिमांड पर भेजा गया है। जुआ रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा, प्रधान आरक्षक राजेश उरांव, आरक्षक दीपक भगत, खगेश्वर सिंह सिदार, रामेश्वर सिंह, सुमित उरांव शामिल थे।

## वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अपराध में दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार, चक्रधरनगर पुलिस की कार्यवाही में गया जेल

**रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर अंतर्गत ग्राम छोटे रेगड़ा के सांपखाड नाला में गांव के कुछ व्यक्तियों द्वारा मछली पकड़ने के लिये बिजली खंभे से बिजली की चोरी कर पानी में खतरनाक तरीके से करंट लगाकर वन्य जीवों के साथ मानव जीवन पर संकट उत्पन्न किया जा रहा था। ग्रामीणों के इस कृत्य की सूचना चक्रधरनगर पुलिस एवं विद्युत विभाग को प्राप्त होने पर 21 जनवरी 2021 को मौके पर पहुंचकर जांच कार्यवाही किया गया।

मामले को लेकर कनिष्ठ यंत्री के आवेदन पर थाना चक्रधरनगर में दिनांक 22.01.2021 को मछली पकड़ने करंट लगाने वाले आरोपी सूरज किस्पोट्टा, सुरेश टोप्पो, गणेश एक्का, राजकुमार टोप्पो पर अप.क्रमांक 50/2012 धारा 336, 34 आईपीसी एवं धारा 135 विद्युत अधिनियम तथा वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा 51, 52 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीन आरोपी सूरज किस्पोट्टा, सुरेश टोप्पो और राजकुमार टोप्पो को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। आरोपी गणेश एक्का पिछले दो साल से गांव से फरार होकर अन्यत्र गुजर बसर कर रहा था।

एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा फरार आरोपियों की धरपकड़ के दिये गये निर्देशों पर कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा फरार आरोपी गणेश एक्का की गिरफ्तारी के लिये ग्राम छोटे रेगड़ा में मुखबिर तैनात कर रखा गया था।

आज सुबह फरार आरोपी गणेश एक्का के गांव में देखे जाने की सूचना टीआई चक्रधर नगर को प्राप्त होने पर तत्काल थाने से स्टाफ द्वारा ग्राम रेगड़ा में दबिश देकर आरोपी गणेश उरांव उर्फ गणेश एक्का पिता मनत राम उम्र 20 साल निवासी छोटे रेगड़ा थाना चकरनगर को हिरासत में लिया गया जिसे गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया है। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी का जेल वारंट जारी किये जाने पर आरोपी को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा जेल दाखिल किया गया है। आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में टीआई चक्रधरनगर प्रशांत राव आहेर, एसआई जी.पी. बंजारे, हेड कांस्टेबल श्यामदेव साहू की प्रमुख भूमिका रही है।

## गुणवत्ता के साथ जल जीवन मिशन के कार्यो में लाए तेजी- कलेक्टर सिन्हा

- समीक्षा बैठक में वीडियों कान्फ्रेंस से जुड़ी सारंगढ़ कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी
- कलेक्टर सिन्हा ने कार्य के धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी
- क्रेडा के कार्यो का निरीक्षण करने के दिए निर्देश
- कलेक्टर सिन्हा ने टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के दिए निर्देश
- कलेक्टर सिन्हा ने ली जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक



**रायगढ़।** जल जीवन मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, इन कार्यों में प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, इन कार्यो में प्रगति लाने के साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टर कक्ष में आयोजित जल जीवन मिशन की बैठक में कही। आयोजित बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सारंगढ़ कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी भी जुड़ी हुई थी। वहीं बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े उपस्थित रही।

कलेक्टर सिन्हा ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने विकासखंडवार जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि धरमजयगढ़ जैसे सुदूर क्षेत्रों में कार्यो की स्थिति अत्यंत धीमी है। उन्होंने कार्य की प्रगति बढ़ाने के निर्देश देत हुए टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली, संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि टेंडर प्रकिया पूर्ण कर लिया गया है आगामी दिनों कार्यों में तेजी आ जाएगी। उन्होंने क्रेडा के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यो में गुणवत्ता से समझौता की शिकायत आ रही है, उन्होंने संबंधित अधिकारी को ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे कार्यो का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान सारंगढ़ कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने भी कुछ ग्रामों में गुणवत्ताहीन कार्य किए जाने की जानकारी देते हुए क्रेडा को जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने ईई पीएचई परीक्षित चौधरी को कहा कि कार्यान्वयन सहायता एजेंसी के कार्यो की मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है। आगामी समय से संबंधित एजेंसी जनपद सीईओ से कार्ययोजना लेकर सीईओ जनपद से कार्यो का वेरीफाई कराए। कलेक्टर सिन्हा ने ईई पीएचई को जल शक्ति से नारी शक्ति कार्यक्रम अंतर्गत जल जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम के लिए जनपद सीईओ से समन्वय करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्व-सहायता समूह की बैठक एवं सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए। जिससे स्थानीय समुदाय विशेषकर महिलाओं को जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु बेहतर ढंग से जागरूक किया जा सके। इस दौरान उन्होने समूह जल प्रदाय योजना, क्रेडा को सोलर पंप, प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति पर चर्चा, सिंगल विलेज, रेट्रोफिटिंग जैसे विभिन्न कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी कार्यो को तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत 07 मई 2023 की स्थिति में रायगढ़ और सारंगढ़ जिले के 9 विकासखण्ड के कुल 774 ग्राम पंचायतों में 93 हजार 265 एफएचटीसी प्रदाय किया जा चुका है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480